## मदर टेरेसा का जन्मदिवस समारोह (मुस्कुराहट से ही है शांति की शुरुआत)

**"परमेश्वर हमें सफल होने के लिए नहीं बुलाता है, वह हमें वफादार होने के लिए बुलाता है "।**

**(मदर टेरेसा)**

26 अगस्त 25 । मदर टेरेसा –नाम है मानवता के प्रति करुणा और सेवा की भावना का ।
उन्हीं के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में, विद्यालय में कक्षा नवीं ए,बी,सी के विद्यार्थियों द्वारा विशेष सभा में मदर टेरेसा की जयंती मनाने और उनकी सेवा, करुणा और प्रेम की विरासत का जश्न मनाने के उद्देश्य से सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय की सीनियर सेकेंडरी विभाग में विशेष सभा के माध्यम से मदर टेरेसा की जयंती उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के.के., उपप्राचार्य ब्रदर ग्रीगेरी बा ,कोऑर्डिनेटर श्रीमती ज्योति नायर,सिस्टर अमला, श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, मिस आशा शर्मा एवं सभी शिक्षक और छात्र उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत महान मानवतावादी संत मदर टेरेसा की भावपूर्ण प्रार्थना और पुष्पांजलि से हुई। वक्ताओं ने मदर टेरेसा के जीवन के विषय में कहानियाँ और अनुभव साझा किए, जिसमें उनकी निःस्वार्थ सेवा और गरीबों और वंचितों के प्रति समर्पण पर प्रकाश डाला गया। छात्रों और प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक प्रदर्शन प्रस्तुत किए, जिनमें गीत, नृत्य और नाटक शामिल थे, जो मदर टेरेसा के जीवन और कार्य से प्रेरित थे। नाटिका में मदर टेरेसा के जीवन और उनकी आध्यात्मिक यात्रा के विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत किया।

आदरणीय प्रिंसिपल ब्रदर मोनाचन के. के. ने विद्यार्थियों को मदर टेरेसा द्वारा अपने जीवन में अपनाए गए मूल्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रार्थनापूर्ण जीवन को महत्व देने और अपने हर काम में ईश्वर का आशीर्वाद माँगने को कहा।
मदर टेरेसा की जयंती मनाने के लिए आयोजित विशेष सभा उनकी विरासत का सम्मान करने और स्कूल समुदाय को प्रेरित करने के अपने उद्देश्य को पूरा करते हुए शानदार रूप से सफल रही।मदर टेरेसा जयंती समारोह एक सफल आयोजन था जिसने एक उल्लेखनीय व्यक्ति की विरासत का सम्मान किया जिसने अपना जीवन मानवता की सेवा के लिए समर्पित कर दिया था।

संपूर्ण कार्यक्रम कक्षा नवीं डी,ई,एफ के छात्रों द्वारा अपनी कक्षा अध्यापिका श्रीमती समता चावला ,श्री आकाश अग्रवाल, श्रीमती रीना शाह के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन हुआ।

संगीता हसीजा